रणजीत टाइम्स
इंदौर
गुरुवार, 12 मार्च, 2026
वर्ष 02 | अंक 66 कुल पृष्ठ : 8 | Digital
RNI-NO.MPHIN/2015/64585
प्रधान संपादक : गोपाल गावंडे

## टी-20 वर्ल्ड कप पर मोहन यादव ने कहा-होली-दीवाली एक साथ मनी



**भोपाल।** सागर के नरयावली रोड पर जेरई में स्थित ज्ञानवीर यूनिवर्सिटी का उद्घाटन करने बुधवार को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव सागर आए। उन्होंने यूनिवर्सिटी का उद्घाटन करने के साथ ही रोजगार मेले का शुभारंभ किया। वे कार्यक्रम स्थल पर पहुंचे। जहां उनके साथ डिप्टी सीएम और जिले के प्रभारी मंत्री राजेंद्र शुक्ल और उच्च शिक्षा मंत्री इंदर सिंह परमार भी थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि कांग्रेस ने बुंदेलखंड पैकेज की बात कही थी। केवल बात कही बात, नीचे कुछ भी नहीं। नीचे धरती-ऊपर आकाश, बीच में सब साफ, केवल बात ही बात। उन्होंने कहा हमारी सरकारों ने एक के बाद बुंदेलखंड में कई विकास कार्य किए। बुंदेलखंड क्षेत्र के लिए कैबिनेट बैठककर करके हमारी सरकार ने 27 हजार करोड़ के कामों का मंजूरी दी। जैसीनगर-राहतगढ़ में बनेगी लाइब्रेरी उन्होंने आगे कहा कि यूनिवर्सिटी से बच्चों को उच्च शिक्षा मिलेगी। मैं चाहता हूं कि अभी को कोर्स संचालित हो रहे हैं वो ठीक हैं। आने वाले समय में और भी नए कोर्स शुरू किए जाएं। ताकि बच्चों को उच्च शिक्षा सभी विषयों की स्थानीय स्तर पर ही मिल सके। इस दौरान सीएम ने जैसीनगर और राहतगढ़ में लाइब्रेरी खोलने की घोषणा की।

## टी-20 वर्ल्ड कप जीता, होली-दीवाली एक साथ मनी




कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री ने सुरखी विधानसभा में आयोजित हुए क्रिकेट महाकुंभ की विजेता और उपविजेता टीमों को सम्मानित किया। इस दौरान उन्होंने टी-20 विश्वकप को लेकर कहा कि हाल ही में भारत-न्यूजीलैंड के बीच मैच हुआ। क्या आनंद आया, होली और दीपावली सब मन गई। हमारी टीम ने क्या धूल चटाई। उन्होंने आगे कहा कि न्यूजीलैंड ने साउथ अफ्रीका को जिस तरह से हराया था तो लगा था कि फाइनल मैच टक्कर का होगा। लेकिन खोदा पहाड़ और निकली चूहिया जैसी कहानी हुई। हमारे खिलाड़ियों ने नाम रोशन कर दिया।

**पढ़ाई के साथ युवाओं को मिलेगा रोजगार का मौका** - मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने कहा कि ज्ञानवीर यूनिवर्सिटी सागर जिले और आसपास के क्षेत्रों के लिए विद्यार्थियों के लिए शिक्षा के क्षेत्र बेहतर सुविधा देगी। अब विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा के लिए बड़े शहरों की ओर नहीं जाना पड़ेगा। बल्कि उन्हें आधुनिक और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा सागर में ही उपलब्ध हो सकेगी। प्रतिवर्ष रोजगार मेले और प्लेसमेंट के माध्यम से युवाओं का रोजगार के अवसर उपलब्ध होंगे। ज्ञानवीर यूनिवर्सिटी माता-पिता के नाम पर स्थापित की गई है। आठों विधानसभा के विधायक रहे मौजूद :कार्यक्रम में जिले की सभी 8 विधानसभाओं के विधायक मौजूद रहे। पूर्व मंत्री गोपाल भार्गव, पूर्वमंत्री भूपेंद्र सिंह, सागर विधायक शैलेंद्र जैन, नरयावली विधायक प्रदीप लारिया, देवरी विधायक बृजबिहारी पटेरिया, बंडा विधायक वीरेंद्र सिंह, बीना विधायक निर्मला सप्रे और कैबिनेट मंत्री और सुरखी विधायक गोविंद सिंह राजपूत समेत अन्य पदाधिकारी व जनप्रतिनिधि मौजूद रहे। इस दौरान मंच पर सीएम से बात करने के लिए विधायक अलग-अलग समय में उनके पास पहुंचे और अपनी बात रखी।

**कांग्रेस के युवराज छोटे दायरे में सिमटे**

# उन्हें विकास नहीं दिखेगा

## पीएम बोले-खाड़ी देशों में फंसे भारतीयों की सुरक्षा के लिए हमने पूरी ताकत लगाई



**चेन्नई/कोच्चि (एजेंसी)।** पीएम नरेंद्र मोदी बुधवार को केरलम (केरल) दौरे परथे। उन्होंने एर्नाकुलम के कोच्चि में 10,800 करोड़ की कई विकास परियोजनाओं का उद्घाटन किया। इसके बाद एनडीए की एक चुनावी सभा को संबोधित किया। इस दौरान लोकसभा सांसद राहुल गांधी की आलोचना की। प्रधानमंत्री ने कहा- कांग्रेस के युवराज को यह नहीं पता कि भारत के युवा आज ड्रोन मैन्युफैक्चरिंग में कमाल कर रहे हैं। उन्हें यह भी नहीं पता कि केरल के युवाओं ने ड्रोन विकसित करने के लिए स्टार्टअप शुरू किए हैं। जो व्यक्ति अपने छोटे दायरे में सिमटा हो, उसे देश का विकास कभी नहीं दिखेगा। पीएम ने कहा- खाड़ी और पश्चिम एशिया में जो कुछ हो रहा है, उसे लेकर लोगों का चिंतित होना स्वाभाविक है, लेकिन सरकार मदद कर रही है।

**● केरल को मलयाली नाम मिला, लोगों के चेहरों पर इसकी खुशी-** एनडीए की सभा से पहले पीएम अखिल केरल धीवर सभा के गोल्डन जुबली समारोह में शामिल हुए। यहां उन्होंने कहा- केंद्र सरकार ने केरल का नाम बदलकर 'केरलम' करने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। यह मलयाली लोगों के लिए खुशी का पल है। उनके चेहरे पर खुशी साफ दिख रही है। प्रधानमंत्री मोदी ने कोच्चि में रोड शो भी किया। उन्होंने जवाहरलाल नेहरू इंटरनेशनल स्टेडियम में आयोजित करीब 300 मीटर लंबे रोड शो के दौरान कार की सनरूफ से लोगों का अभिवादन किया।

**● अगले पांच साल बीजेपी को मौका दीजिए -** इस बार यहां बीजेपी-एनडीए सरकार बनाइए। आपने कांग्रेस और लेफ्ट को 70 साल से ज्यादा दिए हैं। अब बीजेपी-एनडीए को अगले 5 साल सेवा करने का मौका दीजिए। आपको विकसित केरलम की शानदार झलक देखने मिलेगी। ये मोदी की गारंटी है। जो अब तक नहीं बदला, अब बदलेगा। विकसित केरलम के लिए सबसे बड़ी जरूरत टूरिज्म, टैलेंट और टेक्नोलॉजी को नए अवसर देना है। कांग्रेस को केरल के युवाओं के सामर्थ्य पर भरोसा ही नहीं है। कांग्रेस के युवराज को ये भी नहीं पता कि भारत के युवा आज ड्रोन मैन्युफैक्चरिंग में कितन कमाल कर रहे हैं। एक तरफ बीजेपी-एनडीए देश को आत्मनिर्भर बनाने के लिए प्रयास कर रहे हैं। वहीं दूसरी ओर कांग्रेस और वामपंथी दल आत्मनिर्भर भारत अभियान का मजाक उड़ाने में लगे हैं। इन्होंने देश को विदेशों पर और भी ज्यादा निर्भर बना दिया।

### खाड़ी युद्ध ने आत्मनिर्भरता के महत्व का सबक सिखाया

खाड़ी में जारी युद्ध ने हमें एक बार फिर आत्मनिर्भरता के महत्व का सबक सिखाया है। हमने देखा है कि कोविड संकट, यूक्रेन संकट और मौजूदा संकट के दौरान आत्मनिर्भर होना कितना जरूरी है। कांग्रेस जानबूझकर भड़काऊ और गैर-जिम्मेदाराना बयान दे रही है ताकि हालात और बिगड़ें। ताकि हमारे लोग उसी संकट में फंसे रहें और फिर ये लोग मोदी को गाली देने वाले रील बनाकर अभियान चला सकें। केरलम के पास नेचर, कल्चर, टैलेंट, टेक्नोलॉजी और विशाल सागर का आशीर्वाद है। इसके बावजूद राज्य का विकास उस गति से नहीं हुआ जैसा होना चाहिए था। एलडीएफ और यूडीएफ की सरकार ने विकास के लिए मेहनत नहीं की। सबरीमाला मंदिर मामले में एलडीएफ और यूडीएफ की पार्टनरशिप देख लीजिए। एलडीएफ वालों पर सोना लूटने का आरोप है, जबकि यूडीएफ वालों पर चोरी का सोना बेचने का आरोप है।

# स्पीकर बिरला के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव खारिज

### जब बोलने का मौका होता है तब इंग्लैंड में होते...

### अमित शाह ने संसद में राहुल की अटेंडेंस पर उठाया सवाल, लोकसभा में विपक्ष का हंगामा



**नई दिल्ली(एजेंसी)।** लोकसभा में बुधवार को स्पीकर ओम बिरला को पद से हटाने वाला अविश्वास प्रस्ताव ध्वनिमत से खारिज हो गया। गृह मंत्री अमित शाह ने 56 मिनट तक प्रस्ताव पर सरकार की तरफ से जवाब दिया। इस दौरान उन्होंने राहुल गांधी और कांग्रेस पर जमकर हमला बोला। शाह ने कहा कि 18वीं लोकसभा में कांग्रेस सांसदों को बोलने के लिए भाजपा से दो गुना ज्यादा समय मिला। फिर भी विपक्ष के नेता कहते हैं कि हमें बोलने नहीं दिया जाता। जब बोलने का मौका आता है तो जर्मनी में होते हैं, इंग्लैंड में होते हैं। शाह ने कहा- एक तो वे बोलना नहीं चाहते हैं। जब बोलना चाहते हैं तो नियम के अनुसार नहीं बोलना चाहते हैं। ये सदन नियम से चलेगा। स्पीकर को नियमों के उल्लंघन पर रोकने और टोकने का अधिकार है। ये सदन मेला नहीं है, जो नियम से नहीं चलेंगे, उसका माइक बंद ही होगा। गृह मंत्री ने आगे कहा- राहुल सदन में पीएम मोदी से आकर गले लग जाते हैं। आंख मारते हैं। फ्लाइंग किस देते हैं। मुझे तो बोलने में भी शर्म आती है। ये स्पीकर के आचरण पर सवाल करते हैं। अपने आचरण पर भी तो सवाल करिए। शाह के जवाब के दौरान विपक्ष ने जमकर हंगामा किया और 'अमित शाह माफी मांगो' के नारे लगाए। कितना बोलना है इसके लिए कुछ नियम बने हैं। 17वीं लोकसभा कांग्रेस को 157 घंटे 55 मिनट का समय दिया गया।

# भीम आर्मी की संकल्प यात्रा पर पुलिस का लाठीचार्ज

## दतिया में वाटर कैनन और आंसू गैस का इस्तेमाल, 100 कार्यकर्ता गिरफ्तार



दतिया। दतिया जिले के गोराघाट में बुधवार को आजाद समाज पार्टी (कांशीराम) और भीम आर्मी की संकल्प यात्रा के दौरान पुलिस और कार्यकर्ताओं के बीच टकराव हो गया। बिना अनुमति के ग्वालियर की ओर बढ़ने का प्रयास कर रहे कार्यकर्ताओं को रोकने के लिए पुलिस को वाटर कैनन, आंसू गैस और हल्के लाठीचार्ज का उपयोग करना पड़ा। पुलिस ने करीब 100 लोगों को हिरासत में लेकर अस्थायी जेल भेज दिया है। जानकारी के अनुसार, पार्टी के राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य दामोदर यादव के नेतृत्व में यह यात्रा दतिया से ग्वालियर जा रही थी और गोराघाट में एक सभा प्रस्तावित थी। सवर्ण आर्मी की आपत्ति के बाद प्रशासन ने सभा और यात्रा दोनों की अनुमति रद्द कर दी थी। इसके बावजूद बुधवार दोपहर करीब 3 बजे 500 से अधिक कार्यकर्ता भीम आर्मी के बैनर तले गोराघाट की ओर बढ़ने लगे। स्थिति को देखते हुए सिंध नदी के गोराघाट पुल पर दतिया और ग्वालियर दोनों जिलों की पुलिस ने मोर्चा संभाल लिया।

**समझाइश के बाद भी नहीं माने, दागे गए आंसू गैस के 15-20 गोले-** पुलिस ने शुरुआत में भीड़ को रोककर समझाने का प्रयास किया, लेकिन कार्यकर्ता पीछे हटने को तैयार नहीं हुए। स्थिति आक्रामक होने पर पुलिस को वाटर कैनन का इस्तेमाल करना पड़ा।

### 15 थानों का पुलिस बल तैनात, सवर्ण आर्मी के पदाधिकारी नजरबंद


प्रशासन ने इलाके में भारी सुरक्षा बल तैनात किया है। जिले के एसपी और तीन एसडीओपी सहित करीब 15 थानों की पुलिस अलग-अलग स्थानों पर तैनात है और स्थिति की निगरानी कर रही है। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि किसी भी स्थिति में इस यात्रा को डबरा (ग्वालियर सीमा) तक नहीं पहुंचने दिया जाएगा। टकराव टालने के लिए असनई स्थित रामलाल मंदिर में सवर्ण आर्मी के पदाधिकारियों को भी एहतियातन नजरबंद कर दिया गया है। नागपुर से शुरू हुई इस संकल्प यात्रा का मुख्य उद्देश्य 14 मार्च को ग्वालियर हाईकोर्ट पहुंचकर डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा स्थापित करने की मांग उठाना है। हालांकि, दतिया में अनुमति रद्द होने के बाद हुए इस टकराव से इलाके में तनावपूर्ण स्थिति बनी हुई है।

# पुलिस थाना चंदन नगर में हत्या का प्रयास करने वाला आरोपी सुभाष 24 घंटे में गिरफ्तार

**खुशबू श्रीवास्तव**

आरोपी सुभाष द्वारा पत्नी पर चरित्र संदेह को लेकर जान से मारने की नीयत से तेज धारदार दराता से किया प्राण घातक वार आरोपी के कब्जे घटना में प्रयुक्त तेज धारदार दराता जप्त किया गया दिनांक 09.03.2026 की मध्य रात्रि को जिला अस्पताल इंदौर पुलिस थाना चंदन नगर को सूचना प्राप्त हुई थी कि एक घायल मजरूहा लक्ष्मी पति सुभाष उइके 28 निवासी व्यास नगर चंदन नगर की घायल अवस्था में इलाज हेतु आई है। सूचना तुरंत चंदन नगर पुलिस द्वारा अस्पताल पहुंच के मजरूहा से पूछताछ करते बहुत ज्यादा घायल अवस्था में होने से बयान/कथन देने की स्थिति में नहीं होने के कारण मजरूहां की चचेरी बहन मनीषा ने बताया कि वह उसके पड़ोस में निवास करती है और उसके पति सुभाष के द्वारा मजरूहा को तेज धारदार दराता से जान से मारने की नियत से प्राण घातक हमला कर मजरूहा के स्तन में गंभीर चोट पहुंचाया जिस पर थाना चंदन नगर पर अपराध क्रमांक 337/26 धारा 109 BNS का कायम कर अनुसंधान में





लिया गया। दौराने अनुसंधान श्रीमान पुलिस आयुक्त महोदय तथा पुलिस उपायुक्त जोन 04 महोदय के मार्गदर्शन में पुलिस थाना चंदन नगर को मुखबिर द्वारा सूचना प्राप्त हुई कि उक्त घटना का आरोपी सुभाष जिला खंडवा के मोघट थाने क्षेत्र से हिरासत में लिया गया आरोपी से नाम पता पूछते जिसने अपना नाम पता आरोपी सुभाष पिता दयाराम उइके उम्र 35 वर्ष निवासी ग्राम सुरवा थाना बिकनगांव जिला खरगोन हाल पता व्यास नगर नूरी मस्जिद के पास रामभरोसे का मकान इंदौर का होना बताया जुर्म बाबत आरोपी से पूछताछ करते जिसके द्वारा बताया कि उसकी पत्नी लक्ष्मी मजदूरी व झाड़ू पोछे का काम करती है। जो उसे संदेह है कि उसका किसी ओर से भी प्रेम प्रसंग होकर संभतः वह बात करती है इसलिए उसने शराब के नशे में सोते हुए पत्नी पर दराता से जान से मारने की नीयत से प्राण घातक वार कर स्तन पर गंभीर चोट पहुंचाया। उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी चंदन नगर निरीक्षक तिलक कारोले, उ.नि. सौरभ कुशवाह, उ.नि. साबिर मंसूरी, उ.नी. पूरन सिंह सोलंकी, प्र.आर. बलराम सिंह चौहान, प्रदीप बघेल, आरक्षक अनिल, सुनिल, धीरज, हरिसिंह की महत्वपूर्ण भूमिका रही ।

# शहडोल की अमृत मित्र महिलाएं "अमृत मित्र महोत्सव" दिल्ली में निभाएगी सहभागिता





**प्रदीप सिंह बघेल**

शहडोल - भारत सरकार के आवास एवं शहरी कार्य मंत्रालय, नई दिल्ली द्वारा भारत मंडपम, नई दिल्ली में 13 मार्च 2026 को "अमृत मित्र महोत्सव" का आयोजन किया जाएगा। नगरपालिका अध्यक्ष श्री घनश्याम जायसवाल एवं मुख्य नगरपालिका अधिकारी श्रीमती आशा भंडारी ने दिल्ली में आयोजित होने वाले "अमृत मित्र महोत्सव" के लिए चयनित शहडोल नगरपालिका की 5 अमृत मित्र महिलाओ को यूनिफॉर्म प्रदान कर शुभकामनाएं दी एवं अमृत मित्र महिलाओ को अमृत मित्र महोत्सव में सहभागिता हेतु रवाना किया। इस राष्ट्रीय स्तर के कार्यक्रम में देशभर से चयनित महिला प्रतिनिधि सहभागी बनकर अपने-अपने शहरों में किए जा रहे नवाचारों, अनुभवों तथा सफलताओं को साझा करेंगी।

उल्लेखनीय है कि अमृत 2.0 योजना के अंतर्गत शहडोल नगर में वोमेन फॉर ट्रीज अभियान, जल गुणवत्ता परीक्षण तथा विवेकानंद पार्क के संधारण एवं प्रबंधन जैसे महत्वपूर्ण कार्यों में 11 स्व-सहायता समूहों की 25 महिलाएं 'अमृत मित्र' के रूप में सक्रिय भूमिका निभा रही हैं। महिलाएं पर्यावरण संरक्षण, स्वच्छता, हरित विकास एवं सामुदायिक भागीदारी को बढ़ावा देने के लिए निरंतर सराहनीय कार्य कर रही हैं।

# इंसानियत अभी जिंदा है: अनजान के लिए 'देवदूत' बने दिनेश गांधी खोखसर

**बालोतरा/ सुमेर दाधीच**

जोधपुर के उम्मेद अस्पताल में मानवता की एक अनूठी मिसाल देखने को मिली। जब अस्पताल में भर्ती गर्भवती महिला गीता को 'B Positive SDP' की सख्त जरूरत थी और उनका कोई अपना साथ नहीं था, तब मारवाड़ रक्त सेवा संस्थान के वॉट्सएप ग्रुप पर एक संदेश फ्लैश हुआ। संस्थान की रीढ़ की हड्डी कहे जाने वाले ऊर्जावान रक्तदाता श्री दिनेश जी गांधी ने जैसे ही यह पुकार सुनी, उन्होंने बिना एक पल गंवाए केवल एक कॉल पर अस्पताल पहुंचकर रक्तदान किया और उस अनजान महिला की जान बचाई। दिनेश गांधी जैसे निस्वार्थ नायकों की बदौलत ही आज कई रोशन हैं। संस्थान आपके इस जज्बे को सलाम करता है! इस पुनीत कार्य के दौरान मारवाड़ रक्त सेवा संस्थान जोधपुर के अध्यक्ष बुधाराम सांखला, सोशल मीडिया एडिटर महेंद्र परिहार, ब्लड बैंक स्टाफ डॉ. आशुतोष, उम्मेद सिंह जी राजपुरोहित, ताज मोहम्मद, विक्रम परिहार, रमेश, सुरेंद्र आदि उपस्थित रहे। रक्तदान महादान - मानवता ही सर्वोपरि!



# सुनसान इलाके में महिलाओं से छेड़खानी करने वाला मनचला गिरफ्तार, एक्टिवा वाहन जब्त

इंदौर। महिला सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए इंदौर पुलिस द्वारा महिला संबंधी अपराधों पर लगातार सख्त कार्रवाई की जा रही है। इसी कड़ी में थाना राऊ पुलिस ने सुनसान क्षेत्र में महिलाओं से छेड़खानी करने वाले एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार दिनांक 01 नवंबर 2025 को एक फरियादिया ने थाना राऊ में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि केट रोड स्थित सुनसान इलाके में एक अज्ञात स्कूटी चालक ने उनके साथ छेड़खानी की और अभद्र टिप्पणी करते हुए मौके से फरार हो गया। इस मामले में पुलिस ने अपराध क्रमांक 631/25 धारा 75(1) बीएनएस के तहत प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की।

पुलिस आयुक्त संतोष कुमार सिंह के निर्देशन तथा अतिरिक्त पुलिस आयुक्त अमित सिंह एवं पुलिस उपायुक्त जोन-01 कृष्ण लालचंदानी के मार्गदर्शन में महिला अपराधों पर अंकुश लगाने के लिए विशेष कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त सुमित केरकेट्टा एवं एसीपी गांधीनगर निधि सक्सेना के मार्गदर्शन में थाना राऊ पुलिस ने जांच तेज की। थाना प्रभारी के नेतृत्व में पुलिस टीम ने घटनास्थल और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज का गहन विश्लेषण किया तथा तकनीकी साक्ष्यों और मुखबिर तंत्र की मदद से



संदिग्ध की पहचान की। दिनांक 10 मार्च 2026 को मुखबिर से सूचना मिली कि संदिग्ध एक्टिवा चालक केट रोड क्षेत्र में देखा गया है। सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने घेराबंदी कर आरोपी को पकड़ लिया।

रणजीत टाइम्स



# 20 दिनों में 3750 वाहनों पर नो पार्किंग की कार्यवाही सुगम यातायात हेतु पैट्रोलिंग टीमो द्वारा मुख्य मार्गो/बाजारों में लगातार किया जा रहा भ्रमण

**आदित्य शर्मा**

इंदौर। कार्यवाही के परिणामस्वरूप कई क्षेत्रों में यातायात व्यवस्था अधिक सुगम हुई जिसकी जिम्मेदार नागरिकों द्वारा सराहना की गई। इंदौर शहर में यातायात व्यवस्था को अधिक सुचारू, सुरक्षित एवं व्यवस्थित बनाने के उद्देश्य से पुलिस आयुक्त नगरीय इंदौर श्री संतोष कुमार सिंह के मार्गदर्शन में तथा अतिरिक्त पुलिस आयुक्त श्री आर.के. सिंह एवं पुलिस उपायुक्त (प्रभारी यातायात )श्री राजेश कुमार त्रिपाठी के निर्देशन में यातायात के चारों जोन के लिए विशेष पेट्रोलिंग टीमों द्वारा लगातार सुगम यातायात के लिए कार्यवाही की जा रही। इन टीमों का मुख्य उद्देश्य शहर के व्यस्ततम मार्गो, प्रमुख बाजार क्षेत्रों एवं यातायात दबाव वाले स्थानों पर अव्यवस्थित एवं अवैध पार्किंग पर नियंत्रण कर यातायात को सुगम बनाना है। इसी क्रम में यातायात की सभी पेट्रोलिंग टीमों द्वारा वरिष्ठ अधिकारियों के नेतृत्व में अपने-अपने निर्धारित क्षेत्रों में भ्रमण कर यातायात दबाव एवं अव्यवस्थित पार्किंग की स्थिति का निरीक्षण किया गया । इस दौरान 20 दिनों में 3750 वाहन चालकों





के विरुद्ध व्हील लॉक लगाकर वैधानिक कार्यवाही की गई। इन क्षेत्रों में लगातार कार्यवाही जारी है

-यातायात जोन-1 : कालानी नगर, एयरपोर्ट रोड, बड़ा गणपति से गौराकुण्ड, इमली बाजार, अंतिम चौराहा, मरीमाता से बाणगंगा तक कार्रवाई।

यातायात जोन-2 : मालवामिल से पाटनीपुरा, भमोरी, एलआईजी, रसोमा, मेदांता रोड, विजयनगर क्षेत्र में कार्यवाही

यातायात जोन-3 : जेल रोड, एमटीएच, आरएनटी मार्ग, एमजी रोड, व्हाइट चर्च से दवा बाजार, मधु मिलन, जंजीरवाला, पलासिया से व्हाइट चर्च, घण्टाघर से गीताभवन सड़क के दोनों तरफ कार्यवाही।

यातायात जोन-4 : सपना संगीता, टॉवर चौराहा से खातीवाला टैंक, सिंधी कालोनी, राजवाड़ा क्षेत्र, जवाहरमार्ग, खजूरी बाजार, सराफा क्षेत्र, भवरकुआ से भोलाराम उस्ताद मार्ग।

पेट्रोलिंग टीमों द्वारा मुख्य मार्गो, बाजारों एवं भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में सतत भ्रमण करते हुए पीए सिस्टम, बॉडी वॉर्न कैमरा, क्रेन/सपोर्ट वाहन, व्हील लॉक एवं पीओएस मशीन की सहायता से अवैध पार्किंग कर यातायात बाधित करने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध कार्यवाही की गई वही हजारो वाहनों को एनाउंसमेंट कर हटाया गया। यातायात पुलिस द्वारा पहले वाहन चालकों को समझाइश एवं चेतावनी दी जा रही, इसके पश्चात नियमों का उल्लंघन जारी रहने पर व्हील लॉक एवं क्रेन के माध्यम से चालानी कार्यवाही की गई।

पुलिस उपायुक्त सहित यातायात के अधिकारियों द्वारा व्यापारियों , रहवासियों के साथ लगातार बैठक की जा रही है। नागरिकों को यातायात नियमों का पालन करने तथा निर्धारित पार्किंग स्थलों का उपयोग करने की अपील की गई। यातायात पुलिस द्वारा की जा रही निरंतर कार्यवाही के परिणामस्वरूप कई क्षेत्रों में यातायात व्यवस्था अधिक सुगम हुई है तथा आम नागरिकों को राहत मिली है। इंदौर यातायात पुलिस द्वारा शहर में यातायात व्यवस्था को अधिक व्यवस्थित एवं सुरक्षित बनाने हेतु यह अभियान निरंतर जारी रहेगा तथा आगामी दिनों में भी विभिन्न क्षेत्रों में विशेष पेट्रोलिंग एवं सख्त कार्यवाही लगातार की जाएगी।

# सैकडो क्रिकेट प्रेमियों की मौजूदगी में विधायक भंवरसिंह शेखावत ने क्रिकेट के महासंग्राम की शुरुआत पहली बाल खेलकर की गई

**दिलीप पाटीदार**

## विधायक शेखावत ने सिक्का उछालकर मेच की ओपचारिकताएं पूरी की बी ग्रूप में अगले दौर हेतु बालाजी किक्रेट क्लब ने बोडाना 11 माकनी को आठ विकेट से हराकर क्वालीफाई किया दुधिया रोशनी में खेले गए मुकाबले को देखने हेतु बडी तादाद में किक्रेट प्रेमी देर रात तक मौजूद रहे बाबूजी प्रीमियर लीग किक्रेट प्रतियोगिता का लाइव प्रसारण टीजीएस लाइव चैनल पर देखने की सुविधा

बदनावर। विधायक भंवरसिंह शेखावत के मार्गदर्शन में बाबूजी प्रीमियर लीग 2,0 क्रिकेट प्रतियोगिता की शुरुआत मंगलवार को जनपद पंचायत भवन के सामने मैदान में हुई। सर्वप्रथम विध्नहर्ता श्री गणेषजी की पूजा अर्चना की गई। तत्पश्चात पीच की पूजा अर्चना कर खिलाडियों को कीट वितरण किये गए। विधायक शेखावत ने



पहली बाल खेलकर प्रतियोगिता की शुरुआत की। पहले दिन बी गुरप की आठ टीमों के बीच नॉक आउट मुकाबले खेले गये। अगले दौर हेतु बालाजी किक्रेट क्लब ने बोडाना 11 माकनी को आठ विकेट से हराकर क्वालीफाई किया। विधायक मीडिया प्रभारी महेश पाटीदार ने बताया कि बाबूजी प्रीमियर लीग 2,0 की रंगारंग शुरुआत हुई। सैकडो किक्रेट प्रमियों की मौजूदगी में विधायक भंवरसिंह शेखावत ने क्रिकेट के महासमर की शुरुआत पहली बाल खेलकर की गई। तत्पश्चात प्रतियोगिता का पहला मैच खेलने वाली केटीसी गुरप एवं डायनामिक्स बदनावर के खिलाडियों से परिचय कर सिक्का उछाला। डायनामिक्स ने टॉस जीत कर पहले बालिंग का निर्णय लेकर केटीसी को बेटिंग हेतु बुलाया। केटीसी ने 6 विकेट के नुकसान पर 64 रन बनाएं। डायनामिक्स ने 3



विकेट से मुकाबला जीत लिया। दुसरा मुकाबला स्वतंत्र प्रेस क्लब बदनावर व बोडाना 11 माकनी के बीच खेला गया। माकनी ने टॉस जीत कर पहले बल्लेबाजी कर 5 विकेट पर 119 बनाए। जवाब में बदनावर टीम निर्धारित ओवर में मात्र 38 रन ही बना सकी। 81 रन से मुकाबला हार गई। तीसरा मुकाबला कृषि उपज मंडी व श्रीराम किक्रेट क्लब के बीच खेजा गया। जिसमें श्रीराम क्रिक्रेट क्लब विजयी रही। चैथा मैच बालाजी किक्रट क्लब व प्रियदर्शनी किर्केट क्लब के बीच खेला गया। जिसमें बालाजी किक्रेट क्लब ने 70 रन से जीत हासिल की। अगले दौर के मुकाबल में बोडाना 11 माकनी व बदनावर डायनामिक्स के बीच हुए मैच में बाडोना 11 ने 39 रनसे जीत दर्ज की। वही बालाजी किक्रेट क्लब व श्रीराम किक्रेट क्लब के बीच हुए मुकाबले में बालाजी क्लब ने 44 रन से जीत दर्ज की। नॉक आउट मुकाबला बालाजी क्लब व बोडाना 11 के बीच खेला गया। जिसमें बालाजी क्लब ने 8 विकेट से जीत दर्ज कर अगले दौर हेतु क्वालीफाई किया। दुधिया रोशनी में खेले गए मुकाबले को देखने हेतु बडी तादाद में किक्रेट प्रेमी देर रात तक मौजूद रहे। विधायक भंवरसिंह शेखावत, वरिश्ठ सदस्य रमेशदेव, लियाकत पटेल, धमेन्द्र अग्निहोत्री, दिनेश रघुवंशी, परितोशसिंह बंजी बना, घनश्यामसिंह डोडिया, सोनू जाट, बीआरसी डीएन गुजराती, राजेश राठौड, नितीन सांखला, देवपालसिंह जादव, जगदीश पाटीदार, सुरेन्द्र गोयल, संदीपसिंह शेखावत सहीत गणमान्य नागरिको ने देर रात तक खेल का लुत्फ उठाया। पहले दिन ही चैको- छक्कों पर खिलाडियों ने दाद बटोरी।

बाबूजी प्रीमियर लीग किक्रेट प्रतियोगिता का लाइव प्रसारण टीजीएस लाइव चैनल पर रोजाना किया जाएगा। किक्रेट मैच का आंखोदेख हाल मनभावन एवं आचैक शब्दो में जुगलकिशोर जाट, फैजानबाबा सुसनेर, सचिन पाण्डे नागदा एवं जय सिसौदिया ने सुनाया गया। मैच में अंपारिंग अरुण जैन, मोहसिन खान, दिलीप परमार ने की। आदित्य द्विवेदी ने टीजीएस लाइव पर आनलाइन डाटा अपलोड किया गया। मैच के सभी परिणाम आनलाइन भी देखने की सुविधा है। खिलाडियों एवं दर्शको हेतु स्वल्पहार की व्यवस्था निशुल्क रखी गई थी। बाबूजी प्रीमियर लीग बीपीएल में इस बार 144 टीमें भाग लेगी।

# सहज योग साधकों को निःशुल्क सही आध्यात्मिक मार्गदर्शन देता है

आज के समय में आध्यात्मिकता के क्षेत्र में अनेक प्रकार के विचार, पद्धतियाँ और मार्ग देखने को मिलते हैं। कई बार साधक सच्ची खोज में होते हुए भी अलग-अलग बातों से भ्रमित हो सकते हैं। ऐसे समय में सही दिशा और सच्चे मार्गदर्शन का होना अत्यंत आवश्यक हो जाता है। यही कारण है कि सहज योग साधकों को स्पष्ट और अनुभव आधारित मार्ग प्रदान करता है। परम पूज्य श्री माता जी निर्मला देवी ने सहज योग के माध्यम से मनुष्य को यह सिखाया कि सच्ची आध्यात्मिकता बाहरी आडंबर या जटिल साधनाओं में नहीं, बल्कि अपने भीतर स्थित आत्मा के अनुभव में है। जब साधक को आत्मसाक्षात्कार प्राप्त होता है, तब उसके भीतर एक सूक्ष्म जागरूकता विकसित होती है जो उसे सही और गलत का बोध कराती है।

सहज योग का सबसे महत्वपूर्ण आधार कुण्डलिनी जागरण है। जब यह दिव्य शक्ति जागृत होती है, तब साधक अपने भीतर की शांति और सत्य का अनुभव करता है। यह अनुभव ही उसका वास्तविक मार्गदर्शक बन जाता है। इसके



माध्यम से साधक बिना किसी भ्रम या भटकाव के सत्य के मार्ग पर आगे बढ़ सकता है। सही मार्गदर्शन का अर्थ केवल ज्ञान प्राप्त करना नहीं है, बल्कि अपने जीवन में संतुलन, विनम्रता और शुद्धता को विकसित करना भी है। सहज योग साधकों को सिखाता है कि ध्यान, आत्मनिरीक्षण और सामूहिकता के माध्यम से वे अपने भीतर के दोषों को पहचानकर उन्हें सुधार सकते हैं। इससे व्यक्ति का आध्यात्मिक विकास निरंतर होता रहता है। आज जब संसार में अनेक प्रकार की सूचनाएँ और विचार तेजी से फैल रहे हैं, तब साधकों के लिए यह और भी महत्वपूर्ण हो जाता है कि वे अपने अनुभव और विवेक के आधार पर सत्य को पहचानें। सहज योग में यह विशेषता है कि यहाँ साधक स्वयं अपने भीतर ईश्वरीय चेतना का अनुभव करता है और उसी के आधार पर अपने जीवन का मार्ग निर्धारित कर सकता है।

अतः यह कहा जा सकता है कि सहज योग साधकों को सही मार्गदर्शन देता है। यह मार्गदर्शन उन्हें किसी भी प्रकार के भ्रम या भटकाव से बचाकर सत्य, संतुलन और आध्यात्मिक उन्नति के मार्ग पर स्थिर रखता है। इसी के माध्यम से मनुष्य अपने जीवन को अधिक शांत, संतुलित और सार्थक बना सकता है। अधिक जानकारी हेतु हमारे हेल्पलाइन नंबर 18002700800 पर कॉल कर सकते हैं।

# दिल्ली में आयोजित एक दिवसीय राष्ट्रीय महिला दिवस के कार्यक्रम में कटनी से शामिल हुई प्रभा और काजल

## महिला सशक्तिकरण पर दिया प्रस्तुतीकरण



**नवल किशोर**

कटनी।जिला पंचायत की सीईओ सुश्री हरसिमरनप्रीत कौर के निर्देश पर बुधवार को दिल्ली में आयोजित एकदिवसीय राष्ट्रीय महिला दिवस के आयोजन समारोह में जनपद पंचायत बड़वारा की मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुश्री प्रभा तेकाम और विकासखंड बहोरीबंद की ग्राम पंचायत तेवरी की युवा सरपंच सुश्री काजल रजक शामिल हुई। द्वय प्रतिभागियों ने महिलाओं के सामाजिक,आर्थिक,सांस्कृतिक, महिला सशक्तिकरण और लैंगिक समानता के लिए के लिए प्रस्तुतीकरण दिया। समाज के हर क्षेत्र में महिलाओं की सक्रिय भागीदारी और भूमिका को लेकर पक्ष रखा। अवगत होवे कि पंचायत राज संचालनालय भोपाल मध्यप्रदेश द्वारा मध्यप्रदेश राज्य से एक बीकन लीडर सहित 15 निर्वाचित महिला जनप्रतिनिधियों एवं 10 अधिकारियों कर्मचारियों को एक दूसरी राष्ट्रीय महिला दिवस के आयोजन समारोह में उपस्थित होने हेतु नामांकित किया गया है।




# बरगवां में खूनी खेल नशेड़ियों ने दो भाइयों सहित चार पर किया चाकुओं से हमल



**नवल किशोर**

कटनी। रंगनाथ थाना अंतर्गत बरगवां क्षेत्र में मंगलवार की देर रात चाकूबाजी की सनसनीखेज वारदात सामने आई है। नशे में धुत असामाजिक तत्वों ने मामूली कहासुनी के बाद दो सगे भाइयों सहित चार युवकों पर चाकुओं से ताबड़तोड़ हमला कर उन्हें लहूलुहान कर दिया। वारदात के बाद क्षेत्र में दहशत का माहौल निर्मित हो गया। सभी घायलों को गंभीर अवस्था में जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहाँ उनका उपचार जारी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, बरगवां निवासी सोनू और मोनू रात के समय अपने घर के पास एक अंडे के ठेले पर खड़े थे। इसी दौरान करीब 8 से 10 न युवकों का झुंड वहां पहुंचा और अचानक गाली-गलौज करने लगा। जब सोनू और मोनू ने इस अभद्रता का विरोध किया, तो हमलावरों ने तैश में आकर उन पर चाकुओं से हमला बोल दिया। इस बीच-बचाव करने आए दो अन्य स्थानीय युवक भी हमले की चपेट में आकर गंभीर रूप से घायल हो गए। वारदात की सूचना मिलते ही रंगनाथ थाना पुलिस बल मौके पर पहुंचा और आक्रोशित भीड़ को शांत कराया। पुलिस ने तत्काल एम्बुलेंस की मदद से घायलों को जिला चिकित्सालय भिजवाया। डॉक्टरों के अनुसार, घायलों की स्थिति नाजुक बनी हुई है। पुलिस ने अज्ञात हमलावरों के विरुद्ध मामला पंजीबद्ध कर उनकी सरगर्मी से तलाश शुरू कर दी है। स्थानीय निवासियों ने क्षेत्र में बढ़ता नशे और असामाजिक तत्वों के जमावड़े पर अंकुश लगाने की मांग की है।

### फायर सेफ्टी और अवैध कालोनियों पर निगमायुक्त सख्त

# समीक्षा बैठक मे दिए कड़े निर्देश, नियमों का उल्लंघन करने वालों पर कार्रवाई के निर्देश

**नवल किशोर**

कटनी । नगर निगम सीमान्तर्गत क्षेत्रों में स्थित व्यावसायिक भवनों, ऊँची इमारतों, होटलों, अस्पतालों, कोचिंग संस्थानों, शो-रूम, बारात घरों, एवं मैरिज गार्डनों में आम जन की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए अग्निशमन व्यवस्था के सुनिश्चयन हेतु निरीक्षण की कार्यवाही करने तथा अवैध कॉलोनियों के लंबित प्रकरणों पर शीघ्रता से विधि अनुरूप कार्यवाही करना सुनिश्चित करें। उक्ताशय के निर्देश निगमायुक्त सुश्री तपस्या परिहार ने बुधवार को आयोजित फायर सेफ्टी एवं अवैध कॉलोनी के प्रकरणों की समीक्षा बैठक के दौरान अधिकारियों को दिए। बैठक के दौरान कार्यपालन यंत्री अंशुमान सिंह, उपयंत्री पवन श्रीवास्तव, शैलेन्द्र प्यासी, अतिक्रमण अधिकारी मानवेन्द्र सिंह, फायर निरीक्षक शैलेन्द्र प्यासी सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

**जमीनी स्तर पर करें कार्यवाही**

नगर निगम के अग्निशमन विभाग के अंतर्गत गठित जांच समिति के सदस्यों को आमजन की सुरक्षा एवं अग्नि हादसों को रोकने की दिशा में निगमायुक्त सुश्री तपस्या परिहार द्वारा जमीनी स्तर पर कार्रवाई करने के निर्देश दिए। निगमायुक्त ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी सदस्य सघन



रूप से शहर की सभी ऊँची इमारतों, होटलों, अस्पतालों, कोचिंग संस्थानों, शो-रूम, बारात घरों, एवं मैरिज गार्डनों का निरीक्षण करें और जहां भी अनिमित्ताएं पाई जाती हैं वहां तत्काल नियमानुसार नोटिस जारी कर फायर सेफ्टी उपकरण स्थापित करवाएं अन्यथा उनके विरुद्ध वैधानिक कार्रवाई करते हुए जुर्माना एवं तालाबंदी की कार्रवाई सुनिश्चित करें। बैठक में निगमायुक्त ने नगर के स्कूलों में फायर सुरक्षा व्यवस्था को दृष्टिगत रखते हुए स्कूल शिक्षा विभाग के नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही करने हेतु भी अधिकारियों को निर्देशित किया गया।

**अवैध कॉलोनियों के विरूद्ध जारी रखें अभियान**

शहरी क्षेत्र में अवैध कॉलोनियों के विरूद्ध अभियान चलाकर की जा रही कार्यवाही को अनवरत जारी रखनें के निर्देश देते हुए कहा कि अब किसी भी वार्ड में अवैध कॉलोनी विकसित न हो इस हेतु क्षेत्रीय उपयंत्री वार्डों में कड़ी नजर रखना सुनिश्चित करें। निगमायुक्त ने पूर्व चिन्हित अवैध कॉलोनियों के प्रकरणों की समीक्षा करते हुए जिन प्रकरणों में एफ.आई.आर दर्ज होना शेष है उसमें नियमानुसार कार्यवाही करने के साथ ही निर्मित संरचाओं को हटाने की कार्यवाही करने हेतु कार्यपालन यंत्री को निर्देशित किया। निगमायुक्त सुश्री परिहार द्वारा पूर्व निर्मित अवैध कॉलोनी के प्रकरणों में की गई कार्यवाही की समीक्षा करते हुए कॉलोनियों में हो रहे नवीन निर्माण कार्य हेतु नोटिस जारी करने तथा आम नागरिकों की सुविधा को दृष्टिगत रखते हुए अवैध कॉलोनी के वार्ड, क्षेत्र, खसरा नंबर आदि की जानकारी की आम सूचना के माध्यम से सार्वजनिक करने के निर्देश विभागीय अधिकारियों को दिए गए।

# सूने घर में चोरी करने वाले चार आरोपी गिरफ्तार, करीब 8 लाख के जेवर बरामद

कटनी। स्लीमनाबाद पुलिस ने दिन के समय सूने घर में चोरी करने वाले आरोपियों को गिरफ्तार कर बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से करीब 7 लाख 94 हजार रुपये के सोने-चांदी के जेवरात बरामद किए हैं। यह कार्रवाई एसडीओपी आकांक्षा चतुर्वेदी के निर्देशन में थाना स्लीमनाबाद प्रभारी एवं उनकी टीम द्वारा की गई।

पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार 3 मार्च 2026 को ग्राम महगंवा निवासी जगदेव प्रसाद हल्दकार (50) ने थाना स्लीमनाबाद में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उनके छोटे भाई वासुदेव हल्दकार का परिवार होली पूजा के लिए घर में ताला लगाकर गया था। दोपहर करीब 2 बजे जब परिवार वापस लौटा तो घर का दरवाजा खुला मिला और अंदर कमरे का ताला टूटा हुआ था। अलमारी और बिस्तर पेटी खंगाली हुई थी तथा उसमें रखा सोने-चांदी के जेवरों से भरा डिब्बा और 10 हजार रुपये नगद चोरी हो चुके थे।

रिपोर्ट पर थाना स्लीमनाबाद में अपराध क्रमांक 127/2026 धारा 305(ए), 331(3) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर पुलिस ने जांच शुरू की। विवेचना के दौरान संदेह के आधार पर पुलिस ने दीपक उर्फ दीपू (27), अर्पित उर्फ राज (22), जगमोहन उर्फ मोहन उर्फ मन्जा पटेल (27) तथा पवन उर्फ मरहरण कोल (19) को हिरासत में लेकर पूछताछ की। पूछताछ में आरोपियों ने चोरी की वारदात कबूल कर ली। पुलिस ने उनके



कब्जे से सोने का हार, मंगलसूत्र, चेन, झुमकी, कंगन, अंगूठी, नथ, लौंग सहित बड़ी मात्रा में चांदी की पायल, करधन, बिछिया व अन्य जेवरात बरामद किए, जिनकी कुल कीमत करीब 7 लाख 94 हजार रुपये आंकी गई है। पुलिस ने सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय में पेश किया है। वहीं पुलिस का कहना है कि मामले में आगे भी विस्तृत जांच जारी है।

# शहडोल ट्रैफिक पुलिस की सूझबूझ से एक किसान का दस्तावेज सहित 12 हजार रुपये नगदी से भरा गुम हुआ झोला सुरक्षित वापस किसान को मिला



**कैलाश तिवारी**

सिंहपुर थानांतर्गत पडरिया निवासी किसान छोटे लाल प्रजापति शहडोल आए थे ! राजेंद्र टॉकीज चौक के पास उनका झोला साइकिल से गिर गया, जिसमें जरूरी दस्तावेज और लगभग 12 हजार रुपये नगद झोले में थे ! झोला गायब होने पर उन्होंने ड्यूटी पर तैनात ट्रैफिक आरक्षक मंटू यादव को जानकारी दी ! सूचना मिलते ही जयस्तंभ चौक में तैनात ट्रैफिक पुलिसकर्मी अरशद खान ने सक्रियता दिखाते हुए ऑटो चालक को रोककर झोला अपने कब्जे में लिया ! दस्तावेजों में मिले नंबर के आधार पर किसान से संपर्क कर झोला सुरक्षित वापस कर दिया गया ! अपना झोला और नगदी सुरक्षित वापस पाकर किसान ने ट्रैफिक पुलिस का आभार व्यक्त किया !

# शिवाजी पब्लिक स्कूल में नि:शुल्क नेत्र जांच शिविर का हुआ आयोजन

**दिव्यानंद अर्गल**

मालनपुर :- मालनपुर क्षेत्र के समीप संचालित शिवाजी पब्लिक स्कूल में मंगलवार को नि:शुल्क नेत्र जांच शिविर (हेल्थ कैंप) आयोजित किया गया। जिनका उद्देश्य बच्चों और जरूरतमंद लोगों को मुफ्त जांच दवाएं चश्मा अन्य क्षेत्रों में विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम द्वारा विद्यालय के करीब 700 सौ छात्रों की आंखों की जांच की गई ,आंखों की जांच के साथ-साथ बी पी शुगर मौसमी बीमारियों की भी जांच की गई चिकित्सकों की टीम और डॉक्टर प्रशांत गुर्जर (बी एम एस ) ने सभी बच्चों को बदलते मौसम को देखते हुए खान-पान पर ज्यादा से ज्यादा कम ताला भोजन ,जंक फूड जैसे कि मैगी, पास्ता, नूडल, समोसा, कचौड़ी, पिज्जा, बर्गर, मुमोश,फिंग्स, खाने से बचने की सलाह दी और कहा कि अपने घर पर बना हुआ शुद्ध भोजन ही करें जिससे स्वास्थ्य सही रहे स्कूल संचालक दिनेश सिंह परिहार उर्फ बंटू ने छात्रों से कहा कि बदलते मौसम में अपना विशेष ख्याल रखो, बच्चों को बीमारियां जल्दी पकड़ती हैं विशेष ध्यान देने की जरूरत है अपने माता-पिता को भी चिकित्सकों द्वारा बताई गई सुझाव बताएं और खूब मन लगाकर पड़ो। इस नेत्र परीक्षण शिविर में वी एम एस डॉ तरूण सिंह (ऑप्टोमेट्रिस्ट, आई



चेकअप) बी एम एस विजय ,नितिन तोमर, अनूप तोमर ,ललित बघेल आदि मौजूद रहे।

# पश्चिम एशिया तनाव के बीच गैस आपूर्ति पर चौकसी, आवश्यक वस्तु अधिनियम लागू कर सरकार ने दिए सख्त संकेत

पश्चिम एशिया में बढ़ते युद्ध तनाव के कारण ऊर्जा आपूर्ति पर मंडराते संकट को देखते हुए केंद्र सरकार ने देश में रसोई गैस और वाहनों में उपयोग होने वाली गैस की संभावित कमी को रोकने के लिए आवश्यक वस्तु अधिनियम लागू करने का महत्वपूर्ण निर्णय लिया है। अमेरिका, इजरायल और ईरान के बीच जारी संघर्ष के कारण वैश्विक ऊर्जा आपूर्ति पर दबाव बढ़ गया है और इसी पृष्ठभूमि में सरकार ने समय रहते यह कदम उठाया है, ताकि आम लोगों को किसी भी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। आवश्यक वस्तु अधिनियम लागू होने के बाद देश की सभी रिफाइनरियों और पेट्रोकेमिकल इकाइयों को यह निर्देश दिया गया है कि वे अपने अन्य उत्पादों की तुलना में एलपीजी की आपूर्ति को प्राथमिकता दें। इसका उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि घरेलू उपयोग के लिए रसोई गैस की उपलब्धता प्रभावित न हो और परिवहन क्षेत्र में उपयोग होने वाली गैस की आपूर्ति भी सुचारु रूप से जारी रहे। सरकार के इस फैसले से यह स्पष्ट संकेत मिलता है कि वह संभावित संकट को गंभीरता से लेते हुए पहले से ही आवश्यक प्रबंध करने में जुट गई है। हालांकि यह स्थिति चिंता का विषय भी है कि देश के कुछ शहरों में रसोई गैस की कालाबाजारी और जमाखोरी की आशंकाएं सामने आने लगी हैं। यदि समय रहते इस पर नियंत्रण नहीं किया गया तो आम उपभोक्ताओं को अनावश्यक कठिनाइयों का सामना करना पड़ सकता है। इसलिए प्रशासनिक तंत्र की जिम्मेदारी और भी बढ़ जाती है कि वह बाजार पर कड़ी नजर रखे और यह सुनिश्चित करे कि गैस की जमाखोरी या कालाबाजारी जैसी गतिविधियां किसी भी स्थिति में पनपने न पाए। सरकार के सामने एक और बड़ी चुनौती अफवाहों पर नियंत्रण रखने की है। अक्सर देखा गया है कि जब किसी आवश्यक वस्तु की कमी की आशंका फैलती है तो लोग घबराहट में जरूरत से ज्यादा खरीदारी करने लगते हैं। इससे कृत्रिम कमी की स्थिति पैदा हो जाती है और बाजार में अनावश्यक दबाव बढ़ जाता है। कुछ स्थानों पर गैस सिलेंडर के लिए लंबी कतारें देखी जाने लगी हैं, जो इस बात का संकेत हैं कि लोगों में चिंता बढ़ रही है।

हाल ही में पेट्रोल और डीजल को लेकर भी ऐसी ही अफवाहें फैली थीं, जबकि वास्तव में उनकी कोई कमी नहीं थी। इसके बावजूद कुछ जगहों पर लोग घबराकर पेट्रोल पंपों पर भीड़ लगाने लगे थे। इस तरह की स्थितियों से बचने के लिए जरूरी है कि प्रशासन समय-समय पर सही जानकारी लोगों तक पहुंचाता रहे और अफवाह फैलाने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए।केंद्र सरकार के संबंधित मंत्रालय और विभागों ने फिलहाल यह स्पष्ट किया है कि देश में रसोई गैस की कोई वास्तविक कमी नहीं है और आपूर्ति व्यवस्था सामान्य बनी हुई है। ऐसे में उपभोक्ताओं को भी संयम और धैर्य का परिचय देना चाहिए और आवश्यकता से अधिक गैस सिलेंडर प्राप्त करने की कोशिश नहीं करनी चाहिए। यदि लोग घबराकर अतिरिक्त सिलेंडर जमा करने लगेंगे तो इससे आपूर्ति व्यवस्था पर अनावश्यक दबाव बढ़ सकता है। यह सही है कि पश्चिम एशिया से तेल और गैस की आपूर्ति में बाधा आई है, क्योंकि वैश्विक ऊर्जा आपूर्ति का एक महत्वपूर्ण मार्ग होर्मुज जलडमरूमध्य फिलहाल प्रभावित हुआ है। इसके बावजूद भारत सरकार वैकल्पिक स्रोतों से ऊर्जा आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए लगातार प्रयास कर रही है। रूस, कनाडा और अफ्रीकी देशों से तेल और गैस की आपूर्ति बढ़ाने के लिए कूटनीतिक और व्यापारिक स्तर पर सक्रिय प्रयास किए जा रहे हैं, ताकि देश में ऊर्जा की उपलब्धता पर कोई प्रतिकूल असर न पड़े।

गैस की संभावित कमी को रोकने के लिए केवल केंद्र सरकार ही नहीं, बल्कि राज्य सरकारों को भी पूरी सतर्कता बरतनी होगी। जिस प्रकार केंद्र सरकार ने जमाखोरी और कालाबाजारी पर निगरानी रखने के लिए तीन सदस्यीय समिति का गठन किया है, उसी तरह राज्य सरकारों को भी अपने स्तर पर निगरानी समितियां गठित करनी चाहिए। इससे स्थानीय स्तर पर स्थिति पर बेहतर नियंत्रण रखा जा सकेगा और किसी भी अनियमितता को तुरंत रोका जा सकेगा। इसके साथ ही यह सुनिश्चित करना भी आवश्यक है कि घरेलू उपयोग के लिए रसोई गैस की आपूर्ति प्रभावित न हो और कमर्शियल गैस सिलेंडरों की उपलब्धता भी बनी रहे। यदि कमर्शियल सिलेंडरों की कमी होती है तो होटल, रेस्त्रां और खानपान उद्योग पर सीधा असर पड़ेगा,

## रेडक्रॉस सोसायटी कटनी की प्रबंधकारिणी की बैठक संपन्न




**नवल किशोर**

**उत्कृष्ट सेवाओं के लिए डॉ. यशवंत वर्मा और पवन बजाज सम्मानित**

कटनी । कलेक्टर आशीष तिवारी की अध्यक्षता में भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी जिला शाखा कटनी की प्रबंध कार्यकारिणी समिति की बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में स्टेट चेयरमैन सेवानिवृत्त भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारी डॉ. श्याम सिंह कुमरे उपस्थित रहे। बैठक को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि डॉ. कुमरे ने रेडक्रॉस सोसायटी के जनहितैषी उद्देश्यों पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि रेडक्रॉस का मूल मंत्र पीड़ित मानवता की निस्वार्थ सेवा है। डॉ. कुमरे ने कटनी जिला शाखा द्वारा संचालित गतिविधियों की सराहना करते हुए इसे सेवा कार्यों में सदैव तत्पर रहने वाली इकाई बताया।

बैठक के दौरान उत्कृष्ट सेवाओं और योगदान के लिए पूर्व सचिव एवं सिविल सर्जन जिला चिकित्सालय डॉ. यशवंत वर्मा एवं पूर्व राज्य कार्यकारिणी प्रतिनिधि पवन बजाज को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि ने उनके कार्यों को अन्य सदस्यों के लिए प्रेरणादायी बताया। बैठक में चेयरमैन सुशील शर्मा ने प्रबंधकारिणी समिति के आगामी निर्वाचन को लेकर विस्तार से चर्चा की। कार्यक्रम के अंत में सचिव अभिनंदन शर्मा ने सभी उपस्थित अतिथियों और सदस्यों का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर उप सभापति पं. लालजी शर्मा, कोषाध्यक्ष रमेश खण्डेलवाल, सदस्य सर्वश्री एम.जे.एस. लांबा, गोविंद सचदेवा, सारंग बजाज, अग्रज लहरिया, रामानुज सोनी, प्रियता सिंह ठाकुर उपस्थित रहें।

## कटनी में श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन 511 कलशों के साथ निकली भव्य शोभा यात्रा



**नवलकिशोर**

कटनी,। प्रथम गार्डन में आयोजित सात दिवसीय संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा के पूर्व बुधवार शाम भव्य शोभायात्रा निकाली गई। यह शोभायात्रा आचार्य आश्रम चित्रकूट के संत बड़ी प्रपन्नाचार्य महाराज के सानिध्य में संपन्न हुई, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। शोभायात्रा श्री संकट मोचन हनुमान मंदिर से प्रारंभ होकर जगन्नाथ मंदिर होते हुए कथा स्थल तक पहुंची। युवराज स्वामी शिष्य मंडल सेवा समिति के तत्वावधान में निकाली गई इस शोभायात्रा में 511 दिव्य ज्योति कलश श्रद्धालुओं द्वारा सिर पर धारण कर नगर भ्रमण किया गया।

शोभायात्रा के दौरान रथों में सवार राधा-कृष्ण की आकर्षक झांकियां श्रद्धालुओं के आकर्षण का केंद्र रहीं। वहीं श्रद्धालुओं ने श्रीमद् भागवत गीता को सिर पर रखकर भक्ति भाव के साथ नगर भ्रमण किया। पूरे मार्ग में भजन-कीर्तन और जयकारों से वातावरण भक्तिमय बना रहा। नगर के विभिन्न स्थानों पर श्रद्धालुओं और नागरिकों ने संत बड़ी प्रपन्नाचार्य महाराज का पुष्पवर्षा, आरती और वंदन कर भव्य स्वागत किया। समिति पदाधिकारियों के अनुसार आयोजन के अंतर्गत नगर में सात दिवसीय संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन किया जाएगा, जिसमें नगर सहित आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के शामिल होने की संभावना है।

# टी-20 वर्ल्डकप फाइनल में अर्शदीप पर जुर्माना

● न्यूजीलैंड के मिचेल की ओर गेंद फेंकी थी; मैच फीस का 15 प्रतिशत कटा, डिमेरिट पॉइंट भी मिला

**अहमदाबाद (एजेंसी)।** टी-20 वर्ल्डकप 2026 के फाइनल में भारतीय तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह पर आचार संहिता के उल्लंघन के कारण जुर्माना लगाया गया है। न्यूजीलैंड के बल्लेबाज डेरिल मिचेल की ओर गेंद फेंकने की घटना के बाद आईसीसी ने उन पर कार्रवाई की। मंगलवार को जारी बयान में अर्शदीप की मैच फीस का 15त्र काटने के साथ उनके खाते में एक डिमेरिट पॉइंट भी जोड़ दिया गया। 8 फरवरी को फाइनल में अर्शदीप ने गुस्से में आकर मिचेल की तरफ गेंद फेंकी थी। जो उनके पैड्स पर लगी थी।

## लेवल-1 के तहत जुर्माना

यह कार्रवाई आईसीसी की आचार संहिता के लेवल-1 उल्लंघन के मामले में की गई। फाइनल मैच रविवार को अहमदाबाद में न्यूजीलैंड के खिलाफ खेला गया था। इसमें भारत ने 96 रन से कीवी टीम को हराकर लगातार दूसरी और ओवरऑल तीसरी टी-20 वर्ल्ड कप जीतने वाली पहली टीम बनी थी।



## मिचेल की कोहनी पर बॉल लगी

न्यूजीलैंड की पारी के 11वें ओवर में अर्शदीप ने अपने फॉलो थ्रू में गेंद फील्ड की ओर वापस फेंकी, जो बल्लेबाज डेरिल मिचेल को लग गई। इसे आईसीसी आचार संहिता के आर्टिकल 2.9 का उल्लंघन माना गया। इस नियम में मैच के दौरान किसी खिलाड़ी की ओर अनुचित या खतरनाक तरीके से गेंद या अन्य उपकरण फेंकने को गलत माना



● **एक डिमेरिट पॉइंट भी मिला-** जुर्माने के साथ अर्शदीप के अनुशासन रिकॉर्ड में एक डिमेरिट पॉइंट भी जोड़ा गया है। पिछले 24 महीनों में यह उनका पहला मामला है। मैदान पर मौजूद अंपायर रिचर्ड इलिंगवर्थ और एलेक्स व्हार्फ, थर्ड अंपायर अलाउद्दीन पलेकर और फोर्थ अंपायर एड्रियन होल्डस्टॉक ने यह आरोप लगाया था। मैच रेफरी एंडी पायक्रॉफ्ट ने जो सजा प्रस्तावित की, उसे अर्शदीप ने स्वीकार कर लिया।

# भारत सिर्फ घरेलू पिचों पर 200+ रन नहीं बनाता: कोच गंभीर

● लग गया था कि संजू बेहतर करेगा, आंकड़े नहीं, अंतरात्मा की आवाज पर चलता हूं

## मेरा काम सुपरस्टार नहीं, सुपर टीम बनाना है

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** टी-20 वर्ल्ड कप 2026 में भारत की जीत के बाद हेड कोच गौतम गंभीर ने कई मुद्दों पर बात की। मीडिया से बातचीत में उन्होंने भारतीय पिचों पर उठे सवालों का जवाब देते हुए कहा कि टी-20 बैटर्स का खेल है और भारत ने विदेशों में भी 200 से ज्यादा स्कोर बनाया है। भारत ने ऑस्ट्रेलिया, साउथ अफ्रीका में भी ऐसा स्कोर बनाया है। टीम इंडिया ने अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में खेले गए टी20 वर्ल्ड कप 2026 के फाइनल में न्यूजीलैंड को 96 रन से हराकर इतिहास रच दिया। इस जीत के साथ भारत तीसरी बार टी20 वर्ल्ड कप जीतने वाली टीम बन गया और साथ ही टाइटल डिफेंड करने वाला पहला देश भी बन गया। इस ऐतिहासिक जीत के बाद टीम इंडिया के हेड कोच गौतम गंभीर ने अपनी कोचिंग फिलॉसफी को लेकर बड़ा बयान दिया। उन्होंने कहा कि उनका लक्ष्य टीम में सुपरस्टार बनाना नहीं बल्कि एक मजबूत सुपर टीम तैयार करना है।



गंभीर ने अपनी कार्यशैली पर बात करते हुए कहा कि वह फैसले लेते समय डेटा से ज्यादा अपनी समझ और अंतरात्मा की आवाज पर भरोसा करते हैं। उन्होंने संजू सैमसन को लगातार मौका देने की वजह, अपनी नियुक्ति और टीम के भविष्य पर भी चर्चा की। साथ ही पूर्व क्रिकेटर कीर्ति आजाद के ट्रॉफी को मंदिर ले जाने पर दिए बयान पर कड़ी आपत्ति जताई।

## 'भारत में विकेट तैयार करने का आरोप गलत'

टी-20 वर्ल्ड कप के दौरान भारतीय पिचों को लेकर उठे सवालों पर टीम इंडिया के हेड कोच ने कहा कि भारत अपने फायदे के लिए पिच तैयार करता है, यह आरोप गलत है और अक्सर ऐसे बयान विवाद और टीआरपी के लिए दिए जाते हैं। गंभीर के मुताबिक टी-20 क्रिकेट अब बैटर्स का खेल बन चुका है और दुनियाभर में बड़े स्कोर बन रहे हैं। भारत ने ऑस्ट्रेलिया और साउथ अफ्रीका जैसे देशों में भी 200 से ज्यादा रन बनाए हैं, इसलिए इसे सिर्फ घरेलू पिचों से जोड़ना सही नहीं है। उन्होंने यह भी कहा कि आईसीसी टूर्नामेंट में पिचों की जिम्मेदारी इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल की होती है, बीसीसीआई की नहीं। इसलिए भारत के लिए विकेट तैयार करने का सवाल ही नहीं उठता। गंभीर ने कोलंबो में पाकिस्तान के खिलाफ मैच का उदाहरण देते हुए कहा कि भारत ने वहां करीब 180 रन बनाए थे, जबकि बाकी टीमें उसी पिच पर करीब 140 रन तक ही पहुंच सकीं, लेकिन तब किसी ने पिच पर सवाल नहीं उठाए। टी-20 मैच में दर्शक बड़े स्कोर देखना चाहते हैं। यही वजह है कि ऑस्ट्रेलिया, इंग्लैंड, न्यूजीलैंड और साउथ अफ्रीका में भी हाई स्कोरिंग मैच आम हो गए हैं।

## डेटा नहीं, अपनी समझ पर भरोसा करता हूं

गंभीर का कहना है, 'कोच के तौर पर फैसले लेते समय मैं डेटा से ज्यादा अपनी समझ पर भरोसा करता हूं। हर कोच की टीम को लेकर अपनी अलग सोच और नजरिया होता है।' गंभीर ने कहा कि अगर मुझे लगता है कि कोई फैसला टीम के लिए सही है तो उस पर कायम रहता हूं और गलत साबित होने पर जिम्मेदारी भी स्वीकारता हूं। टीम का खेल, व्यवहार और माहौल मेरी अपनी सोच और विजन का हिस्सा है, जबकि भविष्य में आने वाला कोच अपनी सोच के साथ टीम को आगे बढ़ाएगा। उन्होंने यह भी कहा कि जरूरत पड़ने पर मैं वीवीएस लक्ष्मण और अजीत अगरकर जैसे अनुभवी लोगों से क्रिकेट पर चर्चा करता हूं।

# जसप्रीत बुमराह टी-20 कम, वनडे ज्यादा खेलेंगे

## 2027 वनडे वर्ल्ड कप की तैयारी पर रहेगा फोकस, वर्कलोड मैनेज करेगा बोर्ड

**मुंबई (एजेंसी)।** भारतीय तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह अब टी-20 सीरीज कम खेलेंगे। वे 2027 वर्ल्ड कप तक ज्यादा वनडे मैच खेलेंगे। टीम मैनेजमेंट और सिलेक्टर्स उनके वर्कलोड को ध्यान में रखते हुए यह रणनीति बना रहे हैं। ताकि 2027 वर्ल्ड कप के लिए उनकी तैयारी बेहतर हो सके। बीसीसीआई के सूत्रों के हवाले से लिखा है कि अगले कुछ समय में द्विपक्षीय टी20 सीरीज में बुमराह को कम मौके दिए जा सकते हैं।

**बुमराह ने 19 नवंबर 2023 के बाद वनडे नहीं खेला-** बुमराह ने 19 नवंबर 2023 के बाद कोई वनडे मैच नहीं खेला है। पिछली बार वे वनडे वर्ल्ड कप के फाइनल में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में वनडे क्रिकेट खेलने उतरे थे।

**2027 वर्ल्डकप तक टी-20 की प्राथमिकता कम-** अक्टूबर-नवंबर 2027 तक टी20 इंटरनेशनल टीम के लिए कम प्राथमिकता वाला फॉर्मेट माना जा रहा है। इसी दौरान जापान के आइची-नागोया में होने वाले एशियाई खेलों में भारतीय टीम की कप्तानी सूर्यकुमार यादव कर सकते हैं। अब आईसीसी का अगला टूर्नामेंट 2027 का वनडे वर्ल्डकप होगा। उसी साल वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप का फाइनल भी खेला जाएगा। 2028 में अगला टी-20 वर्ल्ड कप, ओलिंपिक गेम्स और चैंपियंस ट्रॉफी शेड्यूल्ड हैं।



**आईपीएल के बाद तैयार होगी रणनीति-** आईपीएल के बाद सिलेक्शन कमेटी, सेंटर ऑफ एक्सीलेंस और टीम मैनेजमेंट मिलकर आगे की रणनीति तय करेंगे। आईपीएल में बुमराह मुंबई इंडियंस के पेस अटैक की अगुआई करने वाले हैं।

## बड़े टूर्नामेंट में बुमराह की फिटनेस अहम

भारत के बड़े टूर्नामेंट अभियानों में बुमराह की फिटनेस बेहद अहम रहती है। ऐसे में उनके मैचों और फॉर्मेट को लेकर काफी सावधानी बरती जाएगी। बुमराह पिछले टी-20 वर्ल्ड कप के टॉप विकेट टेकर रहे हैं। उन्होंने 14 विकेट झटके। वे अहमदाबाद में न्यूजीलैंड के खिलाफ प्लेयर ऑफ द फाइनल भी चुने गए थे।

# इंदौर में घरेलू गैस, पेट्रोल और डीजल की कोई कमी नहीं, उपभोक्ता घबराएं नहीं-कलेक्टर श्री शिवम वर्मा

आदित्य शर्मा

इंदौर जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि इंदौर जिले में घरेलू गैस सिलेंडर, पेट्रोल और डीजल की पर्याप्त उपलब्धता है और आम उपभोक्ताओं को घबराने की आवश्यकता नहीं है। कलेक्टर श्री शिवम वर्मा की अध्यक्षता में आज बुधवार को कलेक्टर कार्यालय में गैस आपूर्ति की स्थिति की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में बीपीसीएल, एचपीसीएल, आईओसी, अवन्तिका के सेल्स अधिकारी, गैस एजेंसियों के प्रतिनिधि, एचपीसीएल गैस प्लांट मांगलिया के मैनेजर तथा संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में कलेक्टर श्री शिवम वर्मा ने निर्देश दिए कि स्थिति पर लगातार निगरानी रखी जाए, आपूर्ति व्यवस्था सुचारू बनी रहे। किसी भी उपभोक्ता को परेशानी का सामना नहीं करना पड़े।



जिला आपूर्ति नियंत्रक श्री एम. एल. मारू ने बताया कि हाल ही में लोगों में आशंका के कारण बुकिंग में अचानक वृद्धि हुई है। उन्होंने बताया कि पिछले दो दिनों के आंकड़ों में सामान्य दिनों की तुलना में लगभग 10 गुना अधिक बुकिंग दर्ज की गई है, जिससे यह स्पष्ट है कि लोगों में अनावश्यक भय का माहौल बना है। उन्होंने कहा कि 14 किलोग्राम के घरेलू गैस सिलेंडर की पर्याप्त उपलब्धता है और उपभोक्ताओं को नियमित रूप से बुकिंग के आधार पर सिलेंडर मिलते रहेंगे। ऑयल कंपनियों द्वारा केवल इतना बदलाव किया गया है कि सिलेंडर की अगली बुकिंग का अंतर 21 दिन से बढ़ाकर 25 दिन कर दिया गया है। उपभोक्ताओ को सामान्यतः बुकिंग के तीन दिन के भीतर डिलेवरी घर पर ही ओटीपी के माध्यम से दी जा रही है।

बैठक में बताया गया कि वर्तमान में कमर्शियल गैस सिलेंडर की आपूर्ति अस्थायी रूप से प्रभावित है। इसलिए होटल, रेस्टोरेंट और कैटरिंग व्यवसाय से जुड़े लोगों को अस्थायी रूप से डीजल भट्टी, इंडक्शन, इंफ्रारेड इलेक्ट्रिक कॉइल जैसे वैकल्पिक साधनों का उपयोग करने की सलाह दी गई है। कलेक्टर श्री वर्मा ने गैस एजेंसियों को निर्देश दिए कि घरेलू उपभोक्ताओं को समय पर होम डिलीवरी सुनिश्चित की जाए और किसी प्रकार की कालाबाजारी नहीं होने दी जाए। यदि होटल या अन्य व्यवसायों को घरेलू सिलेंडर दिए जाने की शिकायत मिलती है तो संबंधित एजेंसी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। बैठक में बताया गया कि शैक्षणिक संस्थान और अस्पतालों के लिए ऑयल कंपनी द्वारा दी गई छूट अनुसार कमर्शियल सिलेंडर की आपूर्ति सुचारू बनी रहेगी।

प्रशासन द्वारा निगरानी के लिए तीन जांच दल गठित किए गए हैं, जो सुबह 6 बजे से रात 10 बजे तक गैस वितरण व्यवस्था की निगरानी करेंगे, ताकि आम उपभोक्ताओं को किसी प्रकार की परेशानी न हो। उन्होंने बताया कि गैस वितरण में पारदर्शिता बनाए रखने के लिए अब सिलेंडर डिलीवरी के समय उपभोक्ता से ओटीपी अनिवार्य रूप से लिया जाएगा, जिससे अनियमितता की संभावना कम होगी। साथ ही, शहर में जहां पीएनजी पाइपलाइन उपलब्ध है, वहां होटल और रेस्टोरेंट को प्रक्रिया पूर्ण कर तत्काल कनेक्शन उपलब्ध कराने के निर्देश भी दिए गए हैं। अवंतिका गैस कंपनी ने इस संबंध में त्वरित व्यवस्था करने का आश्वासन दिया है। समस्या होने पर इन नंबरों पर करें शिकायत इंदौर में घरेलू गैस सिलेंडरों की सप्लाई को लेकर फिलहाल किसी प्रकार की कमी या समस्या नहीं है। प्रशासन के अनुसार शहर में गैस की उपलब्धता सामान्य बनी हुई है और उपभोक्ताओं को नियमित रूप से सिलेंडर उपलब्ध कराए जा रहे हैं।

यदि किसी उपभोक्ता को भारत गैस, इंडेन गैस या एचपी गैस के डीलर द्वारा सिलेंडर उपलब्ध नहीं कराया जाता है, तो इसकी शिकायत संबंधित कंपनी के कस्टमर केयर नंबरों पर की जा सकती है।

# घरेलू गैस सिलेंडरों के व्यावसायिक उपयोग की रोकथाम के लिए इंदौर में विशेष मुहिम प्रारंभ



आदित्य शर्मा

व्यावसायिक उपयोग पाये जाने पर 35 प्रतिष्ठानों पर कार्रवाई करते हुए 105 घरेलू गैस सिलेंडर जब्त

इंदौर इंदौर जिले में वर्तमान परिस्थितियों को देखते हुए घरेलू गैस सिलेंडरों के व्यावसायिक उपयोग की रोकथाम के लिए विशेष मुहिम प्रारंभ की गई है। इस मुहिम के तहत घरेलू गैस सिलेंडरों का व्यावसायिक उपयोग करने वालों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जा रही है। कलेक्टर श्री शिवम वर्मा ने इस कार्रवाई के लिए तीन विशेष दलों का गठन किया है। जिला आपूर्ति नियंत्रक श्री एम. एल. मारू ने बताया कि इन दलों द्वारा आज सुबह से ही जांच की कार्रवाई प्रारंभ कर दी गई। दल प्रतिदिन सुबह 6 बजे से रात्रि 10 बजे तक लगातार विभिन्न क्षेत्रों में भ्रमण कर स्थिति पर निगरानी रखेंगे। उन्होंने बताया कि जांच के दौरान जहां भी घरेलू गैस सिलेंडरों का व्यावसायिक उपयोग पाया जाएगा, वहां तत्काल कार्रवाई की जाएगी। आज सुबह से चलाए गए अभियान के तहत तीनों दलों ने शहर के विभिन्न प्रतिष्ठानों पर छापामार कार्रवाई की। अब तक करीब 35 प्रतिष्ठानों पर कार्रवाई करते हुए 105 घरेलू गैस सिलेंडर जब्त किए गए हैं। जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि घरेलू गैस सिलेंडरों का व्यावसायिक उपयोग करने वालों के विरुद्ध आगे भी लगातार कार्रवाई जारी रहेगी।

# जनगणना-2027 की तैयारियां तेज

## इंदौर में जिला स्तरीय द्वितीय चरण का प्रशिक्षण शुरू

आदित्य शर्मा

इंदौर। भारत की जनगणना-2027 के सफल संचालन और उसके प्रभावी पर्यवेक्षण के लिए इंदौर जिले में तैयारियां तेज कर दी गई हैं। जनगणना कार्य में लगे अधिकारियों और कर्मचारियों को चरणबद्ध तरीके से प्रशिक्षण दिया जा रहा है, ताकि पूरी प्रक्रिया को व्यवस्थित और पारदर्शी ढंग से पूरा किया जा सके। इसी क्रम में बुधवार से इंदौर में जिला स्तर के द्वितीय चरण का प्रशिक्षण कार्यक्रम प्रारंभ हो गया है।

यह प्रशिक्षण कलेक्टर कार्यालय स्थित ई-दक्ष केंद्र के सेटेलाइट भवन में आयोजित किया जा रहा है, जहां विभिन्न विभागों से जुड़े अधिकारी जनगणना की प्रक्रिया से संबंधित तकनीकी और प्रशासनिक पहलुओं की विस्तृत जानकारी प्राप्त कर रहे हैं। प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान अधिकारियों को बताया गया कि जनगणना-2027 का प्रथम चरण मकान सूचीकरण और मकानों की गणना से जुड़ा होगा। यह कार्य 1 मई से 30 मई 2026 तक पूरे जिले में संचालित किया जाएगा। इस दौरान नगरीय और ग्रामीण दोनों क्षेत्रों में प्रगणक घर-घर जाकर भवनों और परिवारों से संबंधित प्रारंभिक जानकारी एकत्रित करेंगे। इसके तहत प्रत्येक मकान की स्थिति, उसमें रहने वाले परिवारों की संख्या तथा अन्य बुनियादी विवरण दर्ज किए जाएंगे, जिससे आगे की जनगणना प्रक्रिया को व्यवस्थित रूप से आगे बढ़ाया जा सके।

जनगणना के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए प्रशासन ने नगरीय और ग्रामीण क्षेत्रों में चार्ज अधिकारियों की नियुक्ति की है। इन अधिकारियों को जिला स्तर पर विशेष प्रशिक्षण दिया जा रहा है, ताकि वे अपने-अपने क्षेत्रों में जनगणना कार्य का समुचित पर्यवेक्षण कर सकें और निर्धारित समयसीमा में सभी गतिविधियां पूरी कर सकें। प्रशिक्षण कार्यक्रम में अपर कलेक्टर एवं जिला जनगणना अधिकारी श्रीमती निशा डामोर, वरिष्ठ जिला योजना अधिकारी श्री माधव बेंडे सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान जनगणना के जिला प्रभारी श्री सूरज बडगे ने प्रतिभागियों को सीएमएमएस यानी जनगणना प्रबंधन एवं मॉनिटरिंग प्रणाली पोर्टल के माध्यम से हैंड्स-ऑन प्रशिक्षण दिया। उन्होंने अधिकारियों को पोर्टल के उपयोग, डेटा प्रविष्टि और निगरानी प्रणाली के बारे में विस्तार से समझाया।

इसके साथ ही जिला जनगणना हस्तपुस्तिका, ग्राम निर्देशिका और नगर निर्देशिका अनुसूची के बारे में भी विस्तृत जानकारी दी गई। प्रशिक्षण में यह भी बताया गया कि प्रगणकों और सुपरवाइजरों की सूची एक्सेल शीट के माध्यम से पोर्टल पर किस प्रकार अपलोड की जाएगी और उनके नियुक्ति आदेश किस प्रक्रिया के तहत जारी किए जाएंगे। प्रशासन का मानना है कि इस प्रकार के प्रशिक्षण कार्यक्रमों से जनगणना से जुड़े अधिकारियों और कर्मचारियों की क्षमता बढ़ेगी और पूरे जिले में जनगणना का कार्य निर्धारित समयसीमा में सटीक और व्यवस्थित तरीके से पूरा किया जा सकेगा। जनगणना देश की सबसे महत्वपूर्ण प्रशासनिक प्रक्रियाओं में से एक मानी जाती है, क्योंकि इसके आधार पर ही भविष्य की विकास योजनाओं, संसाधनों के वितरण और नीतिगत निर्णयों की दिशा तय होती है। ऐसे में इंदौर जिले में इसकी तैयारियों को लेकर प्रशासन पूरी गंभीरता और सजगता के साथ कार्य कर रहा है।